Media Coverage

City भास्कर
bhaskarhindi.com
जबलपुर, मंगलवार, 31 जनवरी 2023 . 04

प्रशिक्षण में मिलेगी वानिकी उपकरणों संबंधित जानकारी

जबलपुर। उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान टी.एफ.आर.आई जबलपुर में प्राकृतिक विज्ञान प्रयोग शाला उपकरणों की कार्यप्रणाली और संचालन पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में उत्तराखंड, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश राज्यों से वनस्पति विज्ञान, जैव रसायन, पर्यावरण विज्ञान, मृदा विज्ञान, सूक्ष्म जीव विज्ञान आदि के विशेषज्ञ भाग लेंगे।

टी.एफ.आर.आई निदेशक नीलू सिंह ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और संस्थान द्वारा वानिकी क्षेत्र में अनुसंधान के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। डॉ. नीता बेरी ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम की अनुसूची और व्याख्यान संरचना के बारे में सूचित किया। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रेरित किया और उन्हें उद्यमिता और स्टार्टअप के युग में तकनीक से अपडेट रहने की बात कही। प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. हरिओम सक्सेना ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन समीक्षा परिहार ने किया।

वन अनुसंधान संस्थान वानिकी उपकरणों पर प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

जबलपुर। उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान टीएफआरआई में प्राकृतिक विज्ञान प्रयोगशाला उपकरणों की कार्यप्रणाली और संचालन पर पांच दिवसीय 30 जनवरी से 3 फरवरी तक प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। उत्तराखंड, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश राज्यों से वनस्पति विज्ञान, जैव रसायन, पर्यावरण विज्ञान, मृदा विज्ञान, सूक्ष्म जीव विज्ञान आदि के अनुसंधान विद्वानों, शिक्षाविदों और फार्मा उद्योग के पेशेवरों सहित कुल 11 उत्साही प्रतिभागियों द्वारा इस प्रशिक्षण में भग लिया जा है। नीलू सिंह, निदेशक टीएफआरआई ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और संस्थान द्वारा वानिकी क्षेत्र में अनुसंधान के लिए अत्याधुनिक सुविधा के बारे में जानकारी दी। उन्होंने संस्थान के विभिन्न विभागों में उपलब्ध उपकरणों को सूचीबद्ध किया और प्रतिभागियों द्वारा शैक्षणिक और व्यावसायिक स्तर पर इनके उपयोग पर जोर दिया। डॉ ननीता बेरी, प्रमुख वनवर्धन और वन प्रबंधन एसएफएम प्रभाग ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम की अनुसूची और व्याख्यान संरचना के बारे में सूचित किया। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रेरित किया और उन्हें उद्यमिता और स्टार्टअप के युग में तकनीक से अपडेट रहने की बात कही।